प्री-बोर्ड परीक्षा (2020-21)

विषय : सामाजिक विज्ञान

समय : 3:00 घंटे कक्षा-10th पूर्णांक : 70

नोट:- (i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों 'क' व 'ख' में विभाजित है।

(ii) प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न करना अनिवार्य है।

(iii) सभी प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिए गए हैं।

खण्ड 'क'

(बहुविकल्पीय प्रश्न) 1×6=6

1. असहयोग आन्दोलन का मुख्य कारण क्या था?

(i) रॉलेट एक्ट (ii) प्रथम विश्व युद्ध

(iii) खिलाफत आन्दोलन (iv) चौरी-चौरा की घटना

2. नेपोलियन का सम्बन्ध किस देश से था

(i) जर्मनी (ii) इटली

(iii) फ्रांस (iv) इंग्लैण्ड

3. इटली का एकीकरण किसके नेतृत्व में किया गया

(i) ज्युसेपे गैरीबाल्डी (ii) ऑटोवॉन बिस्मार्क

(iii) नेपोलियन (iv) विलियम प्रथम

4. नेपाल में लोकतन्त्र की स्थापना हुई

(i) 2005 में (ii) 2006 में

(iii) 2008 में (iv) 2015 में

5. महात्मा गाँधी दक्षिण अफ्रीका से वापस कब लौटे-

(i) 1914 (ii) 1915

(iii) 1918 (iv) 1919

6. 'विश्व व्यापार संगठन' की स्थापना कहाँ पर हुई थी?

(i) न्यूयार्क (ii) वाशिंगटन

(iii) जिनेवा (iv) आस्ट्रिया

(P.T.O.)

https://www.upboardonline.com

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न) 2×3=6

7. भारतीय लोकतन्त्र की दो विशेषताएँ बताइए।

8. जर्मनी का एकीकरण कब और कैसे हुआ?

9. युटोपिया अथवा कल्पनादर्श क्या है?

(लघु उत्तरीय प्रश्न) 3×2=6

10. यूरोप महाद्वीप के शक्तिशाली कुलीन वर्ग की प्रमुख विशेषताओं को लिखिए।

अथवा

1804 की नेपोलियन नागरिक संहिता का विवरण दीजिए।

11. रेशम मार्ग से आप क्या समझते हैं? समझाइए।

अथवा

महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) 2×6=12

12. राजनीति के साम्प्रदायिकता तथा जातिवाद किस प्रकार प्रभावित कर रहे हैं? किन्हीं चार तथ्यों के आधार पर विवेचना कीजिए।

अथवा

फ्रांस की राजनीतिक क्रान्ति के क्या कारण थे?

13. विकेन्द्रीकरण क्या है? इसके लिए भारतीय संविधान में क्या व्यवस्था की गई? किन्हीं चार का उल्लेख कीजिए।

अथवा

महामन्दी का क्या आशय है? इसके दो कारण बताइए। इसके दो प्रभाव भी बताइए।

14. निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए मानचित्र में ◉ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए 5

(क) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग की घटना घटी।

(ख) वह स्थान जहाँ 1929 में कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

(Continue...)

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

(ग) वह स्थान जहाँ राम मन्दिर का निर्माण कार्य हो रहा है।

(घ) वह स्थान जहाँ कुतुबमीनार स्थित है।

(ङ) वह स्थान जहाँ संसद भवन स्थित है।

खण्ड 'ख'

(बहुविकल्पीय प्रश्न) 1×6=6

15. चिपको आन्दोलन सम्बन्धित है

(i) मृदा संरक्षण (ii) वन संरक्षण

(iii) जल संरक्षण (iv) वायु संरक्षण

16. पर्वतों पर मृदा अपरदन का साधन है

(i) पवन (ii) हिमनद

(iii) जल (iv) उपर्युक्त सभी

17. बहुउद्देशीय परियोजनाओं का प्रमुख उद्देश्य है

(i) विद्युत उत्पादन (ii) बाढ़ नियन्त्रण

(iii) जल आपूर्ति (iv) ये सभी

18. इनमें से कौन-सी एक फलीदार फसल है

(i) दालें (ii) ज्वार-तिल

(iii) मोटे अनाज (iv) तिल

19. सामान्यत: किसी देश का विकास किस आधार पर निर्धारित किया जाता है-

(i) प्रतिव्यक्ति आय (ii) औसत साक्षरता दर

(iii) लोगों की स्वास्थ्य स्थिति (iv) ये सभी

20. उद्योगों को किस क्षेत्र में शामिल किया जाता है

(i) प्राथमिक क्षेत्रक (ii) द्वितीयक क्षेत्रक

(iii) तृतीयक क्षेत्रक (iv) इनमें से कोई नहीं

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न) 2×3=6

21. उपभोक्ता किसे कहते हैं?

https://www.upboardonline.com

https://www.upboardonline.com

22. केरल में अन्य राज्यों की तुलना में शिशु-मृत्यु दर कम क्यों है?
23. नवीनीकरण योग्य या असमाप्य संसाधन किसे कहते हैं?

(लघु उत्तरीय प्रश्न) 3×2=6

24. जल दुर्लभता क्या है और इसके मुख्य कारण क्या हैं?

अथवा

जैव विविधता क्या है? यह मानव के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है?

25. श्रम कानूनों में लचीलापन कम्पनियों को कैसे मदद करेगा?

अथवा

चावल की खेती के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन करें।

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न) 2×6=12

26. राजस्थान के अर्द्धशुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण किस प्रकार किया जाता है? व्याख्या करें।

अथवा

भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभाव पर टिप्पणी लिखें।

27. खनिजों का संरक्षण क्यों आवश्यक है? खनिजों के संरक्षण की किन्हीं तीन विधियों की व्याख्या कीजिए।

अथवा

मृदा अपरदन से क्या अभिप्राय है? मृदा अपरदन के लिए उत्तरदायी कारणों का वर्णन कीजिए।

28. दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए। 5
 (i) महाराष्ट्र की राजधानी ● चिन्ह द्वारा नाम सहित।
 (ii) चिल्का झील Q चिन्ह द्वारा नाम सहित।
 (iii) किसी परमाणु ऊर्जा केन्द्र का नाम ▣ चिन्ह द्वारा नाम सहित।
 (iv) उत्तर प्रदेश की राजधानी ⊙ चिन्ह द्वारा नाम सहित।
 (v) लक्ष्यद्वीप नाम सहित।

https://www.upboardonline.com